(b) whether Letter of Credit, Bill of Landing or GR-I from for these exports were issued in the name of the MMTC; and

(c) whether the normal exports are only remitted through MMTC just to cover the export angle; if so, how much losses were suffered as a result of such exports/imports?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. R. DAS MUNSHI): (a) to (c) MMTC purchases metals on the basis of tenders which establish the lowest price. While effecting such purchases at lowest prices MMTC endeavours to use its buying leverage, to the extent possible to generate exports of Indian products which are credited to the account of MMTC. In most cases documents are routed through MMTC too. In several such deals additionality of export has been identified. Since imports are taking place at international prices no loss is being suffered in such imports.

अमरीका में भारतीय डाक्टरों की डिग्रियों को मान्यता प्रदान किया जाना

3513. **श्री शान्ति त्यागी:**
श्रीमती रेणुका चौधरी :
श्री अजीत सिंह :
श्री रशीद मसूद :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जहां तक भारतीय डाक्टरों की डिग्रियों को मान्यता प्रदान करने और वहां चिकित्सा कार्य करने की अनुमति देने का संबंध है संयुक्त राज्य अमरीका के सोलह राज्यों में भेदभावपूर्ण नियम लागू हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) और (ख) संयुक्त राज्य अमरीका के प्रत्येक राज्य में विदेशी चिकित्सा उपाधि की मान्यता के संबंध में और विदेशी डाक्टरों का प्रेक्टिस करने की अनुमति देने के बारे में अपने-अपने विशिष्ट मानदंड हैं। सभी चिकित्सा स्नातकों पर ये समान रूप से लागू किए जाते हैं, चाहे वह भारत का हो अथवा कहीं और का।

Indo-Nepal Treaty

3514. SHRI CHITTA BASU; Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state;

(a) whether any suggestion has since been mooted by the Nepalese Government for the abrogation of 1950 Indo-Nepal Treaty with India and also for an end to the recruitment of Gorkhas by the Indian Armed Forces; and

(b) if so, what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH):

(a) No, Sir.

(b) Does not arise.

बिहार में सुलभ इन्टरनेशनल द्वारा घोटाला

3515. **श्री अशोक नाथ वर्मा :** क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 1986 को संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों के एक पत्र के साथ एक आरोप पत्र संलग्न करते हुए बिहार में सुलभ इन्टरनेशनल द्वारा किए जा रहे घोटाले के संबंध में जांच किए जाने की मांग की थी; यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि जांच को बीच ही में स्थगित करा दिया गया था, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; यदि नहीं, तो की गई जांच का ब्यौरा क्या है और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है;